पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़
सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर 492002
ई-मेल-igcafphq.2011@gmail.com फोन नं. 0771-2434959, फैक्स नं. 0771-2434009

क्रमांक-पु.मु./अ.म.नि./छ.स.बल मुख्या./सेक्शन-3(भर्ती)/ I – **1010** /23, दिनांक : 06/10/2023

## विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन गृह (पुलिस) विभाग के द्वारा पत्र क्रमांक एफ 2-04/2023/दो-गृह/रापुसे नवा रायपुर, दिनांक 21.08.2023 के माध्यम से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल अन्तर्गत **सहायक प्लाटून कमाण्डर (नर्सिंग), प्रधान आरक्षक (नर्सिंग)** के कुल-75 (तकनीकी पद) रिक्त पदों को भरने की सहमति प्रदान की गई है। उक्त पत्र के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की वाहिनियों में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों के इच्छुक, पात्र पुरूष/महिला उम्मीदवारों से छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाइट **www.cgpolice.gov.in** पर दिनांक **20/10/2023** से ऑनलाईन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20/10/2023 (शुक्रवार) |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरकर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भरने की अंतिम तिथि | 30/11/2023 (गुरूवार) रात्रि 11.59 तक |
| 3 | परीक्षा शुल्क | अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग - रू. 200/-<br>अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति - रू. 125/- |

### (1) रिक्त पदों की संख्या :-

| स. क्र. | पदनाम | रिक्त पद | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अ.पि.व. (गैर-क्रीमीलेयर) | योग | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्लाटून कमाण्डर- नर्सिंग | 13 | 5 | 2 | 4 | 2 | 13 | वेतन मैट्रिक्स लेवल-6 |
| 2. | प्रधान आरक्षक- नर्सिंग | 62 | 17 | 8 | 32 | 5 | 62 | वेतन मैट्रिक्स लेवल-5 |
| | कुल - | 75 | 22 | 10 | 36 | 7 | 75 | |

**(2) आरक्षण :-** विज्ञापित पदों में शासन के निर्देशानुसार पात्र भूतपूर्व सैनिकों के लिये 10 %, पात्र नगर सैनिकों के लिये 25 % एवं छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी महिलाओं के लिए 30% समस्तर एवं प्रभागवार आरक्षण होगा।

**(3) भर्ती केन्द्र :-** आवेदन-पत्र एवं दस्तावेजों की जांच, शारीरिक नापतौल (P.S.T.), ट्रेड टेस्ट (प्रायोगिक परीक्षा) हेतु - 4थी वाहिनी छ.स.बल, माना, जिला-रायपुर

**(4) वेतनमान :-**

सहायक प्लाटून कमाण्डर (नर्सिंग) :- वेतन मैट्रिक्स लेवल-6 (प्रारभिक वेतन रू. 25,300/-) तथा शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत देय भत्ते।

प्रधान आरक्षक (नर्सिंग) :- वेतन मैट्रिक्स लेवल-5 (प्रारभिक वेतन रू. 22,400/-) तथा शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत देय भत्ते।

**(5) आयुसीमा**

अभ्यर्थी की आयु दिनाँक 1-1-2023 को आधार मानकर अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 वर्ष से कम एवं 28 वर्ष से अधिक न हो। यदि अभ्यर्थी आरक्षित प्रवर्ग (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग) का हो तो उच्चतर आयु सीमा अधिक से अधिक 5 वर्ष तक शिथिल की जावेगी। इसके अतिरिक्त भूतपूर्व सैनिक/महिला अभ्यर्थी/विधवा, परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिला/अ.जा., अ.ज.जा. एवं अ.पि.व. कल्याण विभाग के अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन पुरस्कृत संवर्ण दंपत्ति/खेल नीति अंतर्गत जारी परिपत्र अनुसार/छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मंडल के कर्मचारी/शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, गुण्डाधुर सम्मान तथा महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अभ्यर्थी/स्वयंसेवी नगर-सैनिक को भर्ती नियम में एवं शासन द्वारा आयु हेतु प्रावधानित छूट/शिथिलीकरण का लाभ देय होगा।

**(6) शैक्षणिक अर्हता**

**सहायक प्लाटून कमाण्डर (नर्सिंग) :-**

- छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राधिकृत त्रिवर्षीय चिकित्सा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण एवं उसका छत्तीसगढ़ मेडिकल काउन्सिल में पंजीयन अथवा 4 वर्षीय बी.एस.सी. (नर्सिंग) अथवा 3½ वर्षीय जनरल नर्सिंग ट्रेनिंग (जी.एन.टी.) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा 3 वर्षीय जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाईफरी (जी.एन.एम.) कोर्स उत्तीर्ण एवं किसी संस्था से छः माह का इंटर्नशीप पूर्ण, जो छत्तीसगढ़ नर्सिंग काउन्सिल अथवा अन्य राज्यों के प्राधिकृत नर्सिंग काउन्सिल में पंजीकृत हो.

**प्रधान आरक्षक (नर्सिंग) :-**

- (10+2) प्रणाली के अंतर्गत किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए तथा शासन द्वारा प्राधिकृत किसी विद्यालय से एक वर्षीय पैरा मेडिकल प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम के साथ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राधिकृत संस्था से पैरामेडिकल कार्यकर्ता के रूप में पंजीयन होना आवश्यक है.

**नोटः-** **अभ्यर्थी के पास उपर्युक्त आवश्यक शैक्षणिक अर्हताओं तथा अनुभव का "प्रमाण-पत्र" ऑनलाइन आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक धारित करना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद की तिथि को जारी की गई प्रमाण-पत्र मान्य नहीं किया जाएगा।**

**(7) चयन प्रक्रिया :-** सहायक प्लाटून कमाण्डर (नर्सिंग) एवं प्रधान आरक्षक (नर्सिंग)- चयन प्रक्रिया विभिन्न चरणों में संपादित की जावेगी, जिसमें आवेदन-पत्र एवं दस्तोवेजों की जांच, शारीरिक नापतौल, ट्रेड टेस्ट {प्रायोगिक परीक्षा-20 अंक एवं ट्रेड से संबंधित लिखित परीक्षा-80 अंक एवं कुल-100 अंक} के होंगे।

**(8) परिवीक्षा अवधिः-** चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी।

**(9) अन्य :-** तृतीय लिंग वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा अपने आवेदन में पुरूष विकल्प भरे जाने की स्थिति में पुरूष अभ्यर्थियों के निर्धारित शारीरिक मापदण्ड लागू होंगे तथा ऐसे अभ्यर्थी की भर्ती पुरूष अभ्यर्थी के विरूद्ध होगी। अभ्यर्थी द्वारा अपने आवेदन में महिला विकल्प भरे जाने की स्थिति में महिला अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित शारीरिक मापदण्ड लागू होंगे तथा ऐसे अभ्यर्थी की भर्ती महिला अभ्यर्थी के विरूद्ध होगी। तृतीय लिंग के अभ्यर्थी द्वारा अपने आवेदन में तृतीय लिंग विकल्प भरे जाने की स्थिति में महिला अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित शारीरिक मापदण्ड लागू होंगे तथा ऐसे अभ्यर्थी की भर्ती महिला अभ्यर्थी के विरूद्ध होगी।

भर्ती प्रक्रिया से संबंधित विज्ञापन की विस्तृत जानकारी पुलिस विभाग के वेबसाईट **<u>www.cgpolice.gov.in</u>** में देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

06/10/2023

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक,
छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल
**हेतु-पुलिस महानिदेशक**